## महत्वपूर्ण एवं खास

### भारी वर्षा की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया रेड व आरेंज अलर्ट

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में सरगुजा संभाग को छोडक़र प्रदेश भर में रुक-रुक कर लगातार बारिश हो रही है। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर हैं। वहीं रिहाइशी इलाकों में भी बरसात का पानी घरों में घुस गया है। इन सबके बीच मौसम विभाग ने भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने प्रदेश में ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बिलासपुर संभाग और उससे लगे हुए जिलों मुंगेली, कोरबा, गरियाबंद, दुर्ग, रायपुर, धमतरी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटे में एक दो स्थानों पर अति भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। वहीं अगले 48 घंटे के लिए जांजगीर-चांपा, रायगढ़ और महासमुंद जिले में अति भारी बारिश की चेतावनी देते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक इन जिलों में एक दो स्थान पर गरज चमक के साथ अति भारी बारिश हो सकती है। भारी बरसात की वजह से इन जिलों में नदी नाले उफान पर आ सकते हैं। निचली बस्तियां जलमग्न हो सकती हैं। इसके साथ ही फसलों के डूबने और नुकसान की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने जिला प्रशासन को अलर्ट रहने कहा है।

### 10 लाख रूपये की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**दंतेवाडा (आरएनएस)।** जिले के थाना किरन्दुल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से सुपरवाईजर के पद पर प्रमोशन के लिए तथा उनके पुत्र का एनएमडीसी में नौकरी लगाने के नाम पर कुल 10 लाख रूपये की गई ठगी के मामले पर आवेदिका ने किरन्दुल थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट पर किरन्दुल पुलिस ने अपराध क्रमांक 19/2022 धारा 420, 34 भादवि. पंजिबद्ध कर विवेचना के दौरान आरोपी पता तलाश हेतु पुलिस की टीम को मध्यप्रदेश रवाना किया था, जहां से आरोपी 1. कुन्दन सिंह पाटले पिता स्व. पंचम सिंह पाटले उम्र 37 वर्ष निवास सेतगांव, जिला अनुपपुर (मप्र.) 2. दलबीर सिंह परस्ते पिता चैन सिंह उम्र 30 वर्ष निवास शोभागांव, डिंडौरी (मप्र.) को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर न्यायालय के आदेश पर जिला जेल दंतेवाड़ा में दाखिल किया गया है।

### फैक्ट्री में काम करने के दौरान मजदूर की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** कपसदा स्थित फारचून मेटालिक कंपनी में काम करने के दौरान घायल मजदूर की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बिंद्रालाल गुप्ता 35 वर्ष बीरगांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह कपसदा स्थित फारचून मेटालिक कंपनी में मजदूरी करता था। जिससे काम करने के दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिससे उसे उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती किया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंध के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बाइक सवार दंपत्ति अनियंत्रित होकर गिरे, पति की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** बंगोली डेम के पास बाइक सवार दंपत्ति अनियंत्रित होकर गिर गए। जिससे युवक की मौत हो गई। वहीं पत्नी को घायल अवस्था में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भंडोरा निवासी देवेन्द्र दांडे ने थाना में शिकायत किया कि उसका भाई सैलेन्द्र 28 वर्ष अपनी पत्नी ममता को लेकर अपने ससुराल गया था। वहां से वापस लौटते समय सैलेन्द्र बंगोली डेम के पास बाइक से नियंत्रण खो बैठा। जिसके बाद दोनों पति-पत्नी गिर गए। जिससे सैलेन्द्र के सिर पर गंभीर चोट आई थी। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी ममता को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### बोदली-घोटिया मोड़ से एक कुकर बम बरामद

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बारसूर से सीआरपीएफ 195 वीं बटालियन ने जवान राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को लेकर सर्चिंग में निकले थे, बारसूर थाना क्षेत्र के ग्राम बोदली के समीप घोटिया मोड़ पर जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियो ने आईईडी (कुकर बम) लगा रखा था। जवानों की सतर्कता से बरामद कर मौके पर ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर नक्सलियों के नापाक मंसूबों को जवानों ने नाकाम कर दिया है।

# हमर तिरंगा अभियान में हुआ शहीदों के परिवारों का सम्मान

**जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए कैबिनेट मंत्री उमेश पटेल व विधायक प्रकाश नायक**




**रायगढ़।** स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर पूरे प्रदेश में राज्य सरकार के आह्वान पर "हमर तिरंगा" अभियान मनाया जा रहा है। अभियान में हर आम और खास पूरे जोशो खरोश से जुड़कर पूरे राज्य में गांव-गांव, शहर-शहर और घर-घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा रहा। अभियान के माध्यम से प्रदेशवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं, जिनके संघर्षों और बलिदानों से देश आजाद हुआ है।

हमर तिरंगा अभियान के दौरान जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा जिले में निवासरत शहीदों के परिजनों के सम्मान में पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहीदों के परिजनों के सम्मान कार्यक्रम उमेश पटेल जी, केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, सीईओ जिला पंचायत, तथा जिले के सम्मानीय नागरिकों, मीडिया साथियों, जिला पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति के बीच संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा शहीदों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शहीदों के छायाचित्रों पर पुष्पार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किए, जिसके बाद शहीदों के परिजन एक-एक कर शहीदों के छाया चित्र पर पुष्प अर्पण किए। कार्यक्रम में शहीदों के जीवनी पर आधारित संक्षिप्त वीडियो क्लिप द्वारा शहीदों के अविस्मरणीय जीवन परिचय से सभी पुन: परिचित हुए।

एसपी अभिषेक मीणा अपने उद्बोधन में सभी को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए राज्य सरकार द्वारा बनाए जा रहे हमार तिरंगा अभियान के बारे में जानकारी दिए। वे बताएं कि आजादी के 75वें वर्षगांठ पर " हमर तिरंगा "अभियान का शुभारंभ किया गया है जिले में भी इसकी शुरूवात हो चुकी है। राष्ट्रीय ध्वज "तिरंगा" हमारे देश की शान है, देश के गौरव का प्रतीक है। राष्ट्र प्रेम की भवाना से पूरे राज्य में गांव- गांव, शहर-शहर और घर-घर में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर हम छत्तीसगढ़ के लोग उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति कृतज्ञता होगी, जिनके संघर्षों और बलिदानों से देश आजाद हुआ। हम ऐसे अभियानों से हम अपने राष्ट्रीय एकजुटता को प्रर्दशित करते हैं।

प्रदेश सरकार के "हमर तिरंगा" अभियान हम सभी को गौरवान्वित महसूस कराने वाला अभियान है। हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्षो, बलिदान से प्रेरणा लेकर देश प्रेम की भावना से देश सेवा में नौजवान आगे आ रहे हैं। हमारे जवान सैन्य बल में भर्ती होकर देश के तथा राज्य के कई दुर्गम इलाकों में सेवाएं दे रहे हैं। आज हम "हमर तिरंगा" अभियान कार्यक्रम के दौरान हमारे रायगढ़ जिले में निवासरत 11 वीर शहीदों के परिजनों के सम्मान के लिये आज यह "सम्मान कार्यक्रम" में आयोजित किये है।

एसपी अभिषेक मीणा के उद्बोधन पश्चात अतिथियों द्वारा शहीद के परिजनों का शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक द्वारा सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देकर अमर शहीदों के बलिदान पर अपनी कृतज्ञता प्रकट किए।

कैबिनेट मंत्री उमेश पटेल जी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ शहीदों के बलिदान को अविस्मरणीय बताएं। उन्होने शहीदों के परिजनों से कहा कि शासन, प्रशासन आपकी हर तरह से मदद के लिए तत्पर है। इस दौरान शहीद राघव राम ओझा के पुत्र द्वारा शहीदों को प्राप्त होने वाली भूमि के संबंध में आग्रह किए जाने पर मंत्री जी द्वारा एसडीएम रायगढ़ से समस्या का तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सहित के परिजनों एवं सभी अतिथियों का एडिशनल एसपी लखन पटले द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम पश्चात शहीद के परिजन व अतिथिगण एक साथ रात्रि भोज कर अपने गंतव्य पर रवाना हुए।

# राष्ट्रध्वज फहराकर हमर तिरंगा अभियान के सहभागी बने जिलेवासी

**कार्यालियों, घरों, प्रतिष्ठानों में शान से लहराया तिरंगा**

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर प्रदेश में आयोजित स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत आज जिलेवासियों ने इस अभियान में सहभागी बन देशप्रेम की भावना के साथ अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराया।

हमर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक जिलेवासी सम्मानपूर्वक अपने-अपने घरों में तिरंगे फहरा रहे हैं। सभी शासकीय कार्यालयों, भवनों, शैक्षणिक संस्थाओं, सहकारी समितियों, पीडीएस दुकानों, पंचायत भवनों में में तिरंगे फहराए गए। वहीं प्रतिष्ठानों, दुकानों और अपने आवासों में भी आमजनों ने तिरंगे फहराए। महापौर जानकी काटजू ने अपने निवास तिरंगा फहराया।

उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त 2022 को आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस को खास बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर प्रदेश में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हमर तिरंगा अभियान के तहत हर गांव, हर शहर, हर घर में तिरंगा फहराया जा रहा है और पूरे जिले में जिले वासियों द्वारा सक्रिय सहभागिता दर्शाते हुए विविध कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं।



# मिनी स्टेडियम में हुआ स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल

**कलेक्टर रानू साहू व पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा**



**रायगढ़।** जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। फुल ड्रेस रिहर्सल मिनी स्टेडियम में सुबह 8.30 बजे प्रारंभ हुआ। कलेक्टर रानू साहू एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा मंच पर पहुंचे। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वाह कर ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। इसके पश्चात परेड निरीक्षण किया गया। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी मंच पर उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात सलामी, राष्ट्रगान व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। जिसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में 6वीं बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना व एनसीसी कैडेट की टुकडिय़ों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कलेक्टर रानू साहू व पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर साहू ने मंच व बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, बिजली आपूर्ति, पेयजल आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को उनको सौंपे गए दायित्वों के अनुसार सारी तैयारियां समय से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक महेश्वर नाग, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल करेंगे ध्वजारोहण**

15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल मुख्य अतिथि होंगे तथा जिला कार्यालय ग्राउण्ड (मिनी स्टेडियम) रायगढ़ में प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। जिसके पश्चात सलामी व राष्ट्रगान तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये जायेंगे।

# खरसिया के वार्ड नंबर 16 में बड़ी जुआ रेड कार्यवाही, नौ जुआरिओं से 5 लाख 30 हजार रुपए नगद जब्त

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले के मार्गदर्शन पर आज दिनांक 13.08.2022 के रात्रि एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे के नेतृत्व में चौकी व थाना खरसिया की संयुक्त पुलिस पार्टी द्वारा खरसिया के वार्ड क्रमांक 16 के कन्या विवाह भवन के अंदर 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया है जिनसे नगदी रकम रु.5,30,000 , 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है। आरोपियों पर चौकी खरसिया में 13 जुआ एक्ट के के तहत कार्यवाही किया गया है। एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे के नेतृत्व में जुआ रेड कार्यवाही में चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक अमिताभ खांडेकर, थाना प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंद किशोर गौतम, आरक्षक विशोप सिंह, प्रदीप तिवारी मुकेश यादव कीर्ति सिदार, साविल चंद्रा, सुरेंद्र पटेल, सोहन यादव, त्रिभुवन सिदार शामिल थे।



**जुआ फड पर जुआ खेलते पकड़े गए जुआरियान -**

(1) राजेश शर्मा पिता बाबूलाल शर्मा उम्र 45 वर्ष वार्ड नंबर 16 चौकी खरसिया

(2)पवन अग्रवाल पिता बी. पी. अग्रवाल उम्र 57 वर्ष निवासी सृष्टि गार्डन रायपुर हाल मुकाम खरसिया

(3) पवन अग्रवाल पिता रामसिंह अग्रवाल उम्र 46 वर्ष वार्ड क्रमांक 13 महुआपाली चौकी खरसिया

(4) कमल गर्ग पिता गोपी गर्ग उम्र 55 वर्ष वार्ड क्रमांक 11 चौकी खरसिया

(5) नरेश अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल उम्र 48 वर्ष नवापारा थाना खरसिया

(6) अजय अग्रवाल पिता बी.पी. अग्रवाल उम्र 52 वर्ष वार्ड क्रमांक 5 चौकी खरसिया

(7) गोपाल अग्रवाल पिता बनवारी अग्रवाल उम्र 45 वर्ष वार्ड क्रमांक 13 चौकी खरसिया

(8) अजय अग्रवाल पिता बाबूलाल अग्रवाल उम्र 45 वर्ष वार्ड क्रमांक 16 चौकी खरसिया

(9) प्रहलाद नारायण सोनी पिता ओमप्रकाश सोनी उम्र 45 वर्ष वार्ड क्रमांक 11 चौकी खरसिया।

# नेशनल लोक अदालत में 5102 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये हैं। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस के प्रकरणों को निराकृत किये गये हैं। नेशनल लोक अदालत, जो वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से जिला न्यायालय रायगढ़, तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं खरसिया सहित राजस्व न्यायालयों में आयोजित किया गया। रायगढ जिला में लोक अदालत का कार्य यद्यपि, भारी बारिश से प्रभावित रहा, किन्तु फिर भी जिला मुख्यालय सहित तहसील स्थित सिविल न्यायालयों में गठित कुल 19 खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 1948 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 13488 को लोक अदालत में रखा गया, जिसमें से लंबित 1294 एवं प्रीलिटिगेशन 3808 प्रकरण निराकृत हुये तथा राजस्व न्यायालयों में गठित 30 खण्डपीठों में कुल 1997 राजस्व संबंधी प्रीलिटिगेशन के प्रकरण निराकृत किये गये। इस प्रकार इस नेशनल लोक अदालत में कुल 5102 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 4 करोड़ 13 लाख 62 हजार 812 रूपये का सेटलमेंट हुआ।

# अनाथ, विधवा, निराश्रित महिलाओं का सहारा बना सखी वन स्टाप सेंटर

**1,345 प्रकरणों में से 1,308 को हो चुका निदान**

**एक ही छत के नीचे हर समय पीड़ितों को मिलती है सहायता : डीपीओ जाटवर**

**रायगढ़।** सुमन (बदला हुआ नाम) और उसकी दो सहेलियों को परिचित व्यक्ति द्वारा घरेलू कार्य दिलाने का आश्वासन देकर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान ले जाकर बेच दिया गया। सुमन उनके चंगुल से जैसे-तैसे बचकर सखी सेंटर रायगढ़ आई। उसने अपने और सहेलियां के साथ हुए घटनाक्रम को बताया जिस पर तत्काल संबंधित थाने में सूचना देकर हरियाणा वन स्टॉप सेंटर के सहयोग से पीड़िताओं को वापस लाया गया। ऐसी कई महिलाओं, बच्चों और बेसहाराओं का मददगार है सखी सेंटर।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर बताते हैं: "सखी वन स्टाप सेंटर अनाथ, विधवा, निराश्रित महिलाओं को सहारा प्रदान करता है। जिलास्तर पर पीड़िताओं को लाभ दिलाने के लिए सरकार द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर खोले गए हैं। जिनकी देखरेख, संचालन महिला और बाल विकास विभाग की मदद से की जाती है। वन स्टॉप सेंटर योजना भारत सरकार ने एक अप्रैल 2015 को हिंसा प्रभावित महिलाओं का समर्थन करने के लिए लागू की थी। यह योजना मूल रूप से सखी के नाम से जानी जाती है। रायगढ़ में इसे 10 मार्च 2017 को शुरू किया गया था। महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही छत के नीचे दिवस 24*7 कार्य करते हुये विभिन्न प्रकार की सहायता, परामर्श सहायता ,पुलिस सहायता, चिकित्सा सहायता, विधिक सहायता, व अल्पकालीन आश्रय उपलब्ध करवाई जाती है।"




महिला संरक्षण अधिकारी चैताली राय कहती हैं : "समाज में आज भी कई ऐसी बालिकाएं और महिलाएं हैं, जो किसी न किसी रूप में अपराध का शिकार बनती हैं। अगर उन्हें किसी मदद की जरूरत पड़ती है तो उनकी मदद करने वाला कोई नहीं मिलता। ऐसी महिलाओं, युवतियों और बालिकाओं को 'वन स्टॉप सेंटर' के माध्यम से मदद मुहैया कराई जाएगी। जिसमें वह जाकर अपने साथ हुई घटना का जिक्र कर सकेंगी और इसी सेंटर में पीड़िताओं को हर तरह की सलाह दी जाती है।"

महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार साल 2017 से वर्तमान तक सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ महिला एवं बाल विकास में कुल 1,345 प्रकरण प्राप्त हो चुके है जिसमें 1,308 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है और 37 प्रकरण लंबति हैं। जिसमें घरेलू हिंसा के 585 प्रकरण प्राप्त हुए हैं जिसमें से 558 प्रकरणों का निराकरण हो चुका है व इनमें से 47 प्रकरणों में महिला संरक्षण अधिकारी द्वारा घरेलू हिंसा फाईल किया जा चुका है व 25 प्रकरणो में जिला विधिक प्राधिकरण के माध्यम से भरण पोषण प्रदान करने में सहायता उपलब्ध कराई गयी है। 486 प्रकरणों में आपसी सहमति से दोनों पक्षों का निराकरण किया गया है। इसी तरह भटकती अवस्था के वर्तमान तक 110 प्रकरण प्राप्त हुए है जिसमें सभी का निराकरण हो चुका है व कई पीड़िताओ को उनके गृह ग्राम की पतासाजी कर पंजाब, महराष्ट्र, झारखंड, आंध्र प्रदेश, भेजा जा चुका है। इसी तहर 410 महिलाओं और 114 बच्चों को आश्रय सुविधा उपलब्ध कराया गया जिसमें से स्थाई आश्रय हेतु 13 प्रकरणों को नारी निकेतन व 3 प्रकरणों को स्वधार गृह भेजा गया। सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा 109 पीड़िताओं को पुलिस सहायता उपलब्ध कराया गया है जिसमें से 21 प्रकरणों में एफ.आई.आर दर्ज कराने में सहायता उपलब्ध कराया गया।

**समय पर मिल रहा न्याय-** पुष्पा (बदला हुआ नाम) का 4 साल से एक युवक के साथ प्रेम संबध था। युवक द्वारा उसको शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया गया। पुष्पा ने विवाह करने को कहा तो युवक ने विवाह करने से इंकार कर दिया और पीड़िता के घर आकर उसके परिजनों से गाली गलौज करने लगा। तत्पश्चात उस युवक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही हेतु वह थाना गई थी, परंतु प्राथमिकी दर्ज नही होने पर वह सखी सेंटर रायगढ़ की सहायता से थाने जाकर युवक के खिलाफ धारा 376 दर्ज करते हुए अपराध पंजीबद्ध किया गया।

इसी तरह महिला हेल्प लाईन (181) की सूचना के आधार पर 112 वाहन द्वारा संज्ञा (बदला हुआ नाम) को आश्रय हेतु सखी सेंटर रायगढ़ लाया गया। वह मराठी भाषा में बात कर रही थी, जिस कारण से मराठी भाषा के जानकार व्यक्ति के सहयोग से समस्त जानकारी ली गई व संबंधित थाने से संपर्क कर परिजनों का पता किया गया। परिजनों ने बताया कि वह पिछले 6 वर्षो से लापता थी। काफी प्रयासों के बाद पीड़िता के परिजनों की जानकारी मिली व परिजन को सखी सेंटर रायगढ़ से समझाईश देते हुये सुपुर्द किया गया।

**हर स्तर पर हो रही है मदद-** उमा (बदला हुआ नाम) को थाने से आश्रय हेतु सखी सेंटर रायगढ़ लाया गया, उसके माता का देहांत हो चुका था व पिता शराब का सेवन कर उससे मारपीट करता था। इससे आजिज आकर वह काम की तलाश में रायगढ़ आई। फिर एक अज्ञात महिला ने उसे 4 व्यक्तियों के हाथों बेच दिया। इन 4 व्यक्तियों द्वारा पीड़िता से शरीरिक संबंध बनाया जाता था। वे उसे हरियाणा ले जा रहे थे तभी मौका देखकर वह रास्ते में रायपुर से बच निकली। फिर पुलिस की सहायता से उमा को सीडब्लूसी लाया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में वह गर्भवती मिली। सखी सेंटर की सहायता से आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। महिला संरक्षण अधिकारी द्वारा पीड़िता को क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की प्रक्रिया की शुरूआत की गई। उसके रहने की व्यवस्था न होने पर नारी निकेतन भेजा गया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा क्षतिपूर्ति राशि दिलवाया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480